20

किशोरावस्था

प्रश्न. 1 किशोरावस्था में लड़के और लडकियों में क्या मुख्य शारीरिक परिवर्तन होते हैं ? 4

प्रश्न. 2 मीडिया का प्रभाव किशोरों के व्यक्तित्व पर किन चार तरीकों से पड़ सकता है ?

2

प्रश्न. 3 एक किशोर सुमंत को गुस्सा बहुत आता है और वह छोटी सी बात पर अपने सहपाठियों से लड़ पड़ता है | उसे अपने गुस्से पर काबू पाने के दो उपाय बताइए ? 2

प्रश्न. 4 किशोरावस्था में आप कहाँ-कहाँ से व्यवसाय के चुनाव के लिए मार्गदर्शन ले सकते है ? 2

प्रश्न. 5 आपका 9 वर्षीय भाई एक हिंसक फ़िल्म देख रहा है क्या यह सही है ? आप उसका मार्गदर्शन कैसे करेंगे | 2

प्रश्न.6 किशोरों के आहार में अतिरिक्त कैल्शियम और लौह की आवश्यकता को समझाइये ? 2

प्रश्न. 7अपने किशोर भाई / बहन को 6 तरीके बताइए | जिससे वे अधिक निश्चयात्मक हो सकते है तथा अन्य किशोरों के दबाव में आने से बच सकते है | 4

प्रश्न. 8 राधा को अपनी किशोरी पुत्री को समझने में कठिनाई हो रही है | वह अकेला रहना पसंद करती है व अपने पर लगाई गई रोकटोक का सख्त विरोध करने लगी है | राधा को कुछ सुझाव दें की वह किस प्रकार से अपनी पुत्री के साथ नजदीकियां सामंजस्य स्थापित कर सकती हैं ? 2

प्रश्न.8 किशोरावस्था के दौरान मित्र क्यों महत्वपूर्ण हो जाते हैं ? 3

प्रश्न. 9 मीडिया का प्रभाव किशोरों के व्यक्तित्व पर किन चार तरीकों से पड़ सकता है ? 2

प्रश्न-10 परिवार जीवन चक्र को समझाइए ? 4

प्रश्न. 11 सकारात्मक नजरिये द्वारा हमारे रिश्ते में सुधार लाया जा सकता हैं | इस कथन को उदाहरण सहित समझाइए | 3

प्रश्न. 12 सही मिलान कीजिए |

1. निषेचित अंडा	**गुणों का बढ़ना**
2. माँ का दूध	**एकल और संयुक्त**
3. अभिवृद्धि	**जायगोट**
4. विकास	**शरीर का बढ़ना**
5. परिवार	**कोलोस्ट्रम**

प्रश्न. 13 एक वाक्य में उत्तर दीजिए |

1. भ्रूण के विकास को प्रभावित करने वाला एक कारक लिखिए |

...

2. शिशु को जन्म देने के लिए माँ की सही आयु है |

...

3. भ्रूण माँ के गर्भ में कितने दिन तक रहता है |

...

4. किशोरावस्था की उम्र क्या है ?

...